ISSN : 2583-2948

माँ बोलती थी

प्रो० सदानंद भोसले
सावित्रीबाई फुले पुणे
विश्वविद्यालय, पुणे
फोन – 8999380162
ईमेल- skbhosale3131@gmail.com

माँ बोलती थीं

मैं सुनता था...

शब्दों में उसके

सपने बुनता था।

माँ बोलती थीं

मैं सुनता था.....

भूखे पेट

चूल्हे के आगे बैठ

सोंधी महक रोटी की

सूँघता था

माँ बोलती थीं

मैं सुनता था.....

तप्त अलाव की आभा में

निखरते उसके

भव्य भाल पर

ज़िंदगी के

जटिल पेंच के हल

ढूँढता था

ISSN : 2583-2948

माँ बोलती थीं

मैं सुनता था.....

घने अँधियारे में

आनन पर उसके

अरुणोदय आभा

महसूस करता था

माँ बोलती थीं

मैं सुनता था.....

anukarsh@alliance.edu,in